हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 11 मई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री



2 75 साल बाद पहली बार चिरमिरी के सभी वार्डों में पहुंचेगी सरकारी बिजली









छग आदिवासी विकास परिषद का महा सम्मेलन

# आदिवासियों के शोषण की परिभाषा व्यापक अब समाधान की ओर बढ़ना है : शाह



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।



कार्यक्रम में शामिल समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आदिवासी समाज को एकजुट करने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान करने सभी को एक मंच पर लाने के लिस प्रदेश स्तरीय महा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रदेशभर से आदिवासी नेता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी समाज की मदद करने और उनतक अपनी पहुंच बनाने के लिए एक वेबसाइट की भी लॉन्चिंग की गई। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने सभी को एक जुट होकर समाज के लिए काम करने और जल-जंगल-जमीन की लड़ाई में सहयोग का भी आह्वान किया।

**खास बात**

- समाज को जोड़ने लॉंच किया गया एप

बता दे कि रविवार को शहर के राजमोहिनी देवी भवन में छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिषद द्वारा आदिवासी महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आरके शाह शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में, संचार क्रान्ति के दौर में जब तक हमारा समाज भी टेक्नोलॉजी से नहीं जुड़ेगा तब तक समाज की तमाम समस्याओं त्वरित गति से समाधान नहीं कर पाएंगे। इस बात को ध्यान रखते हुए हमने एक वेबसाइट लॉन्च किया है। इसमें जनमित्र एक पार्ट है जिसमें एसटी, एससी ओबीसी वर्ग के लोगों को जन मित्र बाएंगे और एसटी-एससी वर्ग की समस्याओं के लिए ओबीसी वर्ग का भी सहयोग लेंगे। उन्होंने बताया कि आदिवासियों के शोषण की परिभाषा अब व्यापक हो चुकी है कि उसको बोलने की आवश्यकता नहीं है। अब हम उसके समाधान की ओर बढ़ना चाहते है। शासन प्रशासन और सामाजिक स्तर पर समाधान हो। पूर्व कैबिनेट मंत्री और आदिवासी नेता अमरजीत भगत ने बताया कि आदिवासी विकास परिषद् के अध्यक्ष केआर शाह ने बीड़ा उठाया है कि आदिवासियों के बीच व्याप्त समस्याओं का कैसे निराकरण किया जाए। छत्तीसगढ़ में जल- जंगल-जमीन आदिवासियों के जीवन का आधार है और आज यह खतरे में है। इसे बचाने, संवैधानिक अधिकार दिलाने, युवाओं को रोजगार दिलाने बहुत सारे बिंदुओं को वेबसाइट के माध्यम से लॉन्च किया है। किस प्रकार से अपनी समस्या के लिए लोग आगे आकर प्रयास कर सकते है इसका उल्लेख इस वेबसाइट में किया गया है। मै आदिवासी समाज, विकास परिसद को बधाई देता हूं कि जब ऐसे समय में जब समाज कई प्रकार की दिक्क्तों से जूझ रहा है और आज लोगों के बीच को नफरत पैदा की जा रही है उसे मिटाने, सभी लोगों को एक मंच पर लाकर खड़ा करने में विकास परिषद मील का पत्थर साबित होगा। आदिवासी नेता मंगल उरांव ने बताया कि यह वेबसाइट आदिवासी समाज के काम आएगा और विभागीय से लेकर व्यापार सभी वर्गो के समाज के लोग इसमें आपस में जुड़ सकेंगे।

## वॉलेंटियर जाकर करेंगे मदद

सीजीएविपी वेबसाइट आदिवासी नेता आदित्य भगत ने लॉच किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ आदिवासी विकास परिसद ने यह वेबसाइट लॉन्च की है। यह एप सीधे तौर पर जनता से संवाद बनाने की कोशिश है। समाज जल-जंगल-जमीन की लड़ाई लम्बे समय से लड़ रहा है। संघर्ष में जो तकलीफ आती है उसमें मदद करने लिए वेबसाइट को लॉन्च किया है। जनमित्र को गांव गांव तक बनाने का प्रयास किया जाएगा। वोलेंटियर आदिवासी समाज के बीच जाकर उनकी मदद करेंगे। इसमें 7 अलग अलग पैरा मीटर के जन मित्र शामिल हो रहे है।



# टुन-टुन दाबेली वाले का शव मिला झारखंड के रंका में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के टुन-टुन दाबेली के संचालक अमन ओझा की हत्या कर दी गई है। युवक का शव झारखंड के रंका क्षेत्र में अर्ध नग्न व संदिग्ध अवस्था में मिला है। युवक के शरीर पर गहरे जम्खो के निशान है। युवक हाल ही में विशेष समुदाय के युवक द्वारा अपनी पत्नी को भगाने और फिर मामले में यू टर्न लेने के बाद विवादों में आया था। इसके साथ ही युवक द्वारा आस पास के क्षेत्र में लोगों के वाहनों को आग लगाने की घटना भी सामने आई थी। वहीं युवक ने अपने अपहरण और हत्या की आशंका जाहिर करने का वीडियो भी वायरल किया था लेकिन अब युवक की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत के बाद सवाल खड़े हो गये है।

- हत्या की आशंका, कई दिनों से था लापता, पत्नी को भगाने का आरोप लगाकर आया था चर्चा में

बता दें कि शहर के मिशन चौक के समीप संचालित टुन-टुन दाबेली का संचालक अमन ओझा द्वारा हाल ही में अपनी पत्नी को किसी मुस्लिम समाज के युवक द्वारा भगाकर ले जाने का वीडियो वायरल कर समाज के लोगों से मदद की गुहार लगाई गई थी लेकिन बाद में अमन ओझा ने दुसरा वीडियो जारी कर पूरी घटना को झूठा बताते हुए माफ़ी मांगी थी। इस घटना के बाद युवक सोशल मीडिया में काफी चर्चा में आया हुआ था। हालांकि उस दौरान युवक ने अपने अपहरण और हत्या की आशंका जताई थी। इधर पिछले कुछ दिनों से मृतक द्वारा लोगों के वाहनों को जलाने का मामला भी सामने आ रहा था लेकिन हाल ही में युवक लापता था। रविवार को युवक का शव झारखंड के रंका थाना क्षेत्र में जंगल में मिला है। झारखंड की रंका पुलिस ने सोशल मीडिया में मृतक की तस्वीर वायरल की थी जिसके बाद उसकी शिनाख्त की गई। अमन ओझा के शारीर पर शरीर में चोट के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया उसकी हत्या की आशंका है। वहीं लोगों का कहना है कि मृतक नशे का आदि था और आए दिन नशे के कारण उसका पत्नी से विवाद होता था। विवाद के कारण पत्नी से उसे छोड़ दिया था। बड़ी बात यह है कि अमन ओझा की बुलेट बाइक रामानुजगंज में लावारिश हालत में खड़ी मिली है लेकिन युवक रंका तक कैसे पहुंचा यह स्पष्ट नहीं हुआ है। फिलहाल रंका पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### एनएच पर पलटा सिलेंडर लोड ट्रक, अवागमन बाधित

**अम्बिकापुर।** तकनीकी खराबी आने के कारण शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर एलपीजी सिलेण्डर लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान ट्रक में लोड एलपीजी सिलेण्डर सड़क पर बिखर गए जिससे काफी देर तक मार्ग से आवागमन अवरूद्ध रही। कड़ी मशक्कत के बार अवागमन सुचारू किया जा सका। ट्रक क्रमांक सीजी 10 एआर एलपीजी सिलेण्डर लोड कर बिलसापुर की ओर से आ रहा था। ट्रक जैसे ही रजपुरीकला सिंगीटाना केपास पहुंचा हैंडिल लॉक हो गया तथा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में लोड एलपीजी सिलेण्डर सड़क पर बिखर गए जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कड़ी मशक्कत के बाद बिखरे सिलेण्डरों को हटाया गया तो आवागमन सुचारू हुआ। दुर्घटना में चालक को हल्की चोटें आई हैं।

### स्कार्पियों की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** झेराडीह के समीप स्कॉर्पियो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम बेशरापानी निवासी राज कुमार राम आ. बिरन पहाड़ी कोरवा (18 वर्ष) ग्राम बरगीडीह निवासी अमीर के यहां रहकर काम करता था। गत दिन गांव के ही डागून के साथ बाइक से ग्राम झेराडीह की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे स्कॉर्पियो के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल राज कुमार को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# पुरानी पेंशन योजना, नियमितीकरण सहित मांगों को लेकर मंत्री, सांसद से मिला संगठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने स्टेट पॉवर कम्पनी में कार्यरत कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण, ठेका प्रथा बन्द कर रिक्त पदों पर नियमित भर्ती तथा विद्युत दुर्घटना की स्थिति में पूर्ण कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं उचित मुआवजे की मांग को लेकर प्रदेशव्यापी जनप्रतिनिधि सम्पर्क अभियान चलाया। इस अभियान के तहत संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद चिंतामणि महराज, विधायक प्रबोध मिंज, विधायक सामरी श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा, विधायक प्रतापपुर शकुन्तला पोर्ते, विधायक भैयालाल राजवाड़े से उनके निवास/कार्यालय में भेंट कर ज्ञापन सौंपा। जनप्रतिनिधियों ने आश्वस्त करते हुए कहा है कि इस विषय पर शासन स्तर अवश्य विचार किया जाएगा एवं आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

- विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने सौंपा ज्ञापन, चलाया प्रदेशव्यापी अभियान




मंत्री को ज्ञापन सौंपते संगठन के लोग।

इस दौरान जनता यूनियन के प्रांतीय उपाध्यक्ष जेपी पटेल ने बताया कि विद्युत कम्पनी में नियमित कर्मचारियों की भारी कमी है। पुराने कर्मचारियों के रिटायर होने से स्थिति और गंभीर होती जा रही है। अनेक कार्यालय एवं मैदानी क्षेत्र रेगुलर कर्मचारी के बिना संविदा और ठेकाश्रमिकों के भरोसे चल रहे हैं। जिस गति से भारी मात्रा में उपकेंद्र और लाइनों का निर्माण हुआ है उस अनुपात में कर्मचारी कार्यरत नहीं हैं जिससे विद्युत व्यवस्था भी प्रभावित हो रही हब। यह विचारणीय और जोखिमकारक स्थिति है। अकुशल श्रमिकों को कार्य का अनुभव एवं कार्यप्रकृति की जानकारी नहीं होने के कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं जिससे अनेक कर्मचारी दिवंगत या गम्भीर रूप से आहत हो रहे हैं और उनके परिवार पर गुजर बसर की विकट समस्या उत्पन्न हो गयी है। क्षेत्रीय अध्यक्ष यतीन्द्र गुप्ता ने बताया कि 2004 के बाद विद्युत विभाग में भर्ती हुए कर्मचारी को पुरानी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल रहा है जबकि अन्य सरकारी विभागों में पूर्ववर्ती सरकार ने ओपीएस लागू कर दिया है। ओपीएस लागू नहीं होने से विद्युत ⏩ शेष पेज 4 पर

# आपसी राजीनामा से सुलझा विवाद, 8 वर्षों से बिछड़ा परिवार हुआ एकजुट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्र विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरगुजा के मार्गदर्शन में 9 मई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय अंबिकापुर अंतर्गत सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

- नेशनल लोक अदालत में किया गया प्रकरणों का निराकरण

आयोजित नेशनल लोक अदालत के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय तथा सीतापुर न्यायालय में लगभग साढ़े तीन हजार लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। वहीं राजस्व न्यायालयों में तेरह हजार से अधिक प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण हुआ। किशोर न्याय बोर्ड के 7 एवं परिवार न्यायालय के 18 प्रकरणों का आपसी राजीनामा के आधार पर निपटारा किया गया। इसके अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन मामलों का भी आपसी सहमति से निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत के दौरान परिवार न्यायालय सरगुजा के समक्ष लंबित एक विशेष प्रकरण में भावनात्मक और प्रेरणादायक परिणाम सामने आया। सामाजिक रीति-रिवाज से विवाह कर चुके दम्पत्ति, जिनकी तीन संतानें हैं, आपसी मतभेदों के कारण पिछले 7-8 वर्षों से अलग-अलग रह रहे थे तथा परिवार न्यायालय में विवाह विच्छेद (तलाक) का प्रकरण लंबित था। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच आपसी संवाद एवं समझाइश के बाद मतभेद समाप्त हुए और दम्पत्ति ने पुनः साथ रहकर दाम्पत्य जीवन निर्वहन करने की सहमति व्यक्त की। दोनों ने खुशी-खुशी अपने विवाह विच्छेद प्रकरण का आपसी सहमति से निराकरण कराया।

इस प्रकार नेशनल लोक अदालत केवल प्रकरणों के त्वरित निराकरण का माध्यम ही नहीं बनी, बल्कि एक बिखरे परिवार को पुनः जोड़कर उनके जीवन में खुशियां लौटाने का संवेदनशील एवं प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

# हिस्सा बंटवारा को लेकर छोटे भाई की हत्या : आरोपी भाई, भाभी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सूरजपुर जिले की चेंद्रा चौकी पुलिस ने हिस्सा बंटवारा को लेकर ग्रामीण की हत्या करने के मामले में भाई-भाभी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने विवाद के दौरान बुजुर्ग पर ईंट से हमला कर दिया था जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई थी।



सूरजपुर जिले के चेंद्रा चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चन्द्रमेढ़ा निवासी कालेश्वर टोप्पो ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 17 अप्रैल को बड़े पिता धर्मदेव टोप्पो व उसकी पत्नी सुषमा ने जमीन के हिस्सा बंटवारा को लेकर हुए विवाद में महेंद्र टोप्पो के सिर पर ईंट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना के मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने मामले की बारीकी से विवेचना करने की निर्देश दिए थे। जांच के दौरान 19 अप्रैल को घायल 50 वर्षीय महेंद्र टोप्पो को मुलाहिजा के लिए सीएचसी भैयाथान में भर्ती कराया गया था जहां से डॉक्टर द्वारा उसे जिला चिकित्सालय सूरजपुर रिफर किया गया था। यहां से परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर गए और उसके बाद संकल्प हास्पिटल में भर्ती कराया गया लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर 7 मई को परिजन ग्रामीण को लेकर वापस घर लौट गए। इसी बीच 8 मई को घायल महेंद्र टोप्पो की मौत हो गई। ग्रामीण के मौत की सूचना के बाद पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया। वहीं पीएम रिपोर्ट में मृत्यु हत्यात्मक प्रकृति का होना लेख किए जाने पर पुलिस ने आरोपी चंद्रमेढ़ा निवासी 60 वर्षीय धर्मदेव टोप्पो आ. काशीराम टोप्पो व 43 वर्षीया सुषमा स्वराज टोप्पो पति धर्मदेव टोप्पो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 103(1), 3(5) जोड़कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त ईट को जब्त किया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी चेन्द्रा केश्वर मरावी, प्रधान आरक्षक राजकुमार सिंह, लालमन राजवाड़े, आरक्षक कमलेश्वर सिंह, दीपक खलखो, मनोज जायसवाल, जगत पैंकरा, महिला आरक्षक आशा लकड़ा सक्रिय रहे।

पांच केंद्रों में शांतिपूर्ण संचालित की गई परीक्षा, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# प्रयास आवासीय विद्यालय की 125 सीटों के लिए 2012 ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को प्रयास आवसीय विद्यालय के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। सरगुजा के पांच केंद्रों में हुई परीक्षा में जिलेभर से पंजीकृत 2392 अभ्यर्थियों में से 2012 उपस्थित हुए जबकि 380 अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान उड़न दस्ता दलों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया जहां शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संचालित हुई।



परीक्षा में शामिल छात्राएं।

बता दें कि प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूल शिक्षा के साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट, एनडीए की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी प्रयास आवासीय विद्यालय में कराई जाती है। मुख्यमंत्री बाल भविष्य योजना के तहत स्कूली शिक्षा के साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन किया गया था। सरगुजा जिले की बात की जाए तो यहां प्रयास की 125 सीटें रिक्त है जीमने 75 बालक और 50 बालिकाओं के लिए आरक्षित है। 125 सीटों के लिए 2392 छात्र छात्राओं ने पंजीयन कराया था। प्रयास आवासीय विद्यालय के प्राचार्य ओपी साहू ने बताया कि जिले कलेक्टर के नेतृत्व में पांच केंद्रों एकलव्य आवसीय विद्यालय रिखी,एकलव्य आवसीय विद्यालय लुण्ड्रा प्रतापपुर रोड घंघरी, कार्मेल स्कूल नमनाकला, न्यू डीपीएस स्कूल प्रतापपुर रोड एवं प्रयास आवासीय विद्यालय प्रतापपुर रोड घंघरी में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा के लिए 9 बजे से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चली परीक्षा में जिले के 2012 छात्र छात्राएं शामिल हुए। परीक्षा हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग और एसडीएम को नोडल अधिकारी बनाया गया था। परीक्षा में कक्षा 8वीं तक के सवाल पूछे गए। परीक्षा को लेकर छात्र छात्राओं में ख़ासा उत्साह देखने को मिला। प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।




## खबर संक्षेप

### रेत का अवैध परिवहन करने पर 2 वाहन जब्त

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन में खनिज विभाग अनूपपुर द्वारा तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम अमगवां तथा तहसील जैतहरी के ग्राम खोडरी में खनिज रेत का अवैध परिवहन करने पर वाहन मेटाडोर क्रमांक एमपी 65 जीए 2717 तथा मेटाडोर क्रमांक एमपी 65 जेडबी 4883 को जब्त कर वाहन स्वामियों के विरूद्ध नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### खरीफ फसलों के लिए खाद का पर्याप्त स्टॉक

**अनूपपुर।** प्रदेश में आगामी खरीफ सीजन के मद्देनजर किसानों के लिए खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। वर्तमान में राज्य के पास 6.40 लाख मेट्रिक टन यूरिया, 5.13 लाख मेट्रिक टन डीएपी-एनपीके और 3.50 लाख मेट्रिक टन एसएसपी का विशाल भंडार उपलब्ध है। विषम वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद भारत सरकार के सहयोग से उर्वरकों की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है, जिसे जिला स्तर पर सोसायटियों, मार्कफेड के डबल लॉक केन्द्रों और निजी दुकानों तक पहुंचाया जा चुका है।

### डिजिटलीकरण के लिए ज्ञान भारतम मिशन शुरू

**अनूपपुर।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा देश की प्राचीन हस्तलिखित विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से ज्ञान भारतम मिशन प्रारंभ किया गया है। इस महत्वाकांक्षी अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक, पौराणिक एवं वैज्ञानिक महत्व की प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण तथा डिजिटलीकरण किया जाएगा। जिले में मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा स्थानीय नागरिकों एवं संस्थाओं से सहयोग की अपील की गई है। संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, भोपाल के निर्देशानुसार जिले में एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा निजी शोध संस्थानों, महाविद्यालयों, प्राचीन ग्रंथालयों, मंदिरों, मठों, आश्रमों तथा निजी ट्रस्टों में संरक्षित हस्तलिखित पांडुलिपियों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से 75 वर्ष अथवा उससे अधिक पुरानी पांडुलिपियों की जानकारी संकलित की जाएगी।

### 75 मरीजों को मिर्गी रोग की दवा का वितरण



**जशपुरनगर।** अघोर पीठ वामदेव नगर गम्हरिया में 10 मई को बाबा भगवान राम ट्रस्ट द्वारा आयोजित निःशुल्क मिर्गी चिकित्सा शिविर में 77 मरीजों को ट्रस्ट द्वारा निर्मित मिर्गी रोग की फकीरी एवं आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। इन मरीजों में 5 बच्चे भी थे। शिविर का शुभारम्भ प्रातः 4 बजे अघोरेश्वर भगवान राम एवं गुरुपद संभव राम के चित्र पर विधिवत पूजन-आरती उपरान्त प्रारम्भ किया गया। चूंकि मिर्गी की यह फकीरी दवा पान के पते पर सूर्योदय के पूर्व ही देने का विधान है इसलिये अधिकांश मरीजों को उनके सहयोगियों के साथ एक दिन पूर्व ही आश्रम में बुला लिया गया था। प्रातः पूजन उपरान्त उन्हें फकीरी दवा दी गयी और साथ में मिर्गी की आयुर्वेदिक दवा भी वितरित की गयी। दवा वितरित करने हेतु विशेष रुप से वैद्य रंजीत सिंह एवं उनके सहयोगी ऋषभ सिंह को आमंत्रित किया गया था। अगला शिविर तीन माह के बाद 23 अगस्त को आयोजित किया जायेगा। साथ ही मरीजों को यह भी निर्देशित भी किया गया कि अगले शिविर में दवा लेने हेतु 22 अगस्त को ही सायंकाल में आश्रम परिसर में उपस्थित हो जाये। शिविर को सफल बनाने में पी०के० श्रीवास्तव, संतोष मिश्र, प्रशांत सिंह,सत्येन्द्र सिंह (मामा), अखिलेश यादव, , शिवम अक्षय सिंह ,सुशील चौधरी का विशेष योगदान रहा।

---

**सीएसपीडीसीएल का पूर्ण विद्युत नेटवर्क बिछाया जाएगा** | **53.57 करोड़ से अधोसंरचना विकास कार्य अब होगा प्रारंभ**

# 75 साल बाद पहली बार चिरमिरी के सभी वार्डों में पहुंचेगी सरकारी बिजली

**बैकुण्ठपुर।** देश आजाद हुआ, दशक बदले, सरकारें बदलीं, लेकिन चिरमिरी के एसईसीएल क्षेत्र के आस पास के हजारों परिवार आज तक एक बुनियादी सुविधा से महरूम रहे वो सुविधा जिसे हम सब बहुत जरूरी मानते हैं अपनी खुद की सरकारी बिजली।

चिरमिरी के एसईसीएल क्षेत्र में रहने वाले लोग पीढ़ियों से कोयले की खदानों के बीच रहते आए, लेकिन छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी सीएसपीडीसीएल की सरकारी बिजली उनके घरों तक कभी नहीं पहुंची। बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग यही सोचते रहे कि उन्हें शायद कोयला खदान की उस बिजली के भरोसे ही रहना होगा जो आती कम और जाती ज्यादा है। 9 दिसंबर 2024 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के प्रवास के दौरान नगर निगम चिरमिरी में सीएसपीडीसीएल से बिजली आपूर्ति की घोषणा की थी। यह महज एक राजनीतिक घोषणा नहीं थी, यह उन लाखों आंखों की उम्मीद थी जो दशकों से टकटकी लगाए बैठी थीं। 8 मई 2026 को जारी आदेश के अनुसार राज्य शासन की मुख्यमंत्री शहरी विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत 30 मार्च




2026 को 53.08 करोड़ की राशि चिरमिरी नगर निगम को आवंटित की गई। पुराने बजट की शेष 0.49 करोड़ की राशि मिलाकर कुल 53.57 करोड़ से अधोसंरचना विकास कार्य अब वर्ष 2026-27 में प्रारंभ होगा। क्षेत्र के स्थानीय विधायक और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सरकारी बिजली नहीं है, यह चिरमिरी के लोगों को उनका हक मिलना है।

आजादी के बाद से जो सपना अधूरा था, मुख्यमंत्री जी की दूरदृष्टि और संवेदनशीलता से वो पूरा हो रहा है। मैं क्षेत्र की जनता की ओर से उनका अभिनंदन करता हूं। 53.08 करोड़ की इस परियोजना से चिरमिरी के एसईसीएल क्षेत्र के सभी वार्डों में सीएसपीडीसीएल का पूर्ण विद्युत अधोसंरचना नेटवर्क बिछाया जाएगा। जिस धरती ने देश को कोयले से रोशन किया, आज उसी धरती के लोगों को बिजली का उजाला मिलने जा रहा है। चिरमिरी के डोमनहिल, गेल्हापानी, कोरिया कॉलरी व पोड़ी जैसे दूरस्थ क्षेत्र जहां सरकारी बिजली एक सपने जैसा था, वो क्षेत्र भी अब सरकारी बिजली से रोशन होने वाले हैं।

यह छग के इतिहास में एक सुनहरा अध्याय है। चिरमिरी की आंखों में आज जो चमक है वो किसी बल्ब की नहीं, उनकी उम्मीद पूरी होने की रोशनी है।

---

**जगद्गुरु रामभद्राचार्य के श्रीमुख से होगा श्रीराम कथा, स्वास्थ्य मंत्री समेत कई हुए शामिल**

# श्रीराम कथा महोत्सव 17 से, सर्व समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोमनहिल

एमसीबी जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी के पोड़ी स्थित मंगल भवन में श्रीराम कथा आयोजन समिति द्वारा क्षेत्र के सर्व समाज पदाधिकारियों एवं आमजन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आयोजन समिति के विभिन्न प्रभारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा काफी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी श्रीराम कथा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा एवं व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना था। बैठक में संरक्षक के रूप में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने आयोजन समिति के सभी प्रभारियों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र की आस्था और संस्कृति से जुड़ा एक विशाल



बैठक में उपस्थित प्रदेश के कैबिनट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व सर्व समाज के लोग।

धार्मिक कार्यक्रम है, इसलिए प्रत्येक व्यवस्था को बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। समिति पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि 17 से 26 मई तक चिरमिरी के गोदरीपारा स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में पद्म विभूषण से सम्मानित जगद्गुरु रामभद्राचार्य के श्रीमुख से श्रीराम कथा का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्रवासियों को दिव्य प्रवचनों का श्रवण करने का अवसर मिलेगा। बैठक में बताया गया कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य भारतीय सनातन परंपरा के प्रमुख धर्मगुरु, संस्कृत विद्वान, शिक्षाविद् एवं समाजसेवी हैं। उत्तरप्रदेश के जौनपुर में जन्मे रामभद्राचार्य ने दृष्टिबाधित होने के बावजूद संस्कृत, हिंदी एवं अवधी साहित्य में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने चित्रकूट में तुलसी पीठ की स्थापना के साथ दिव्यांगजनों के लिए विश्वविद्यालय की स्थापना कर समाज सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्हें भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्म विभूषण सहित अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। बैठक के दौरान कथा आयोजन की सुरक्षा, यातायात, पेयजल, पार्किंग, श्रद्धालुओं के बैठने एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर श्रीराम कथा महोत्सव को सफल बनाने की अपील की।

---

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 11 मई को आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन प्रेमाशंकर महादेव मंदिर, प्रेमाबाग बैकुंठपुर में प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक देवरहा बाबा समिति, प्रेमाशंकर मंदिर बैकुंठपुर के अध्यक्ष से समन्वय से कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी पर्यटन/पुरातत्व, जिला कोरिया तथा एसडीएम बैकुंठपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जनभागीदारी से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां आपसी समन्वय एवं सहयोग से समयबद्ध तरीके से की जा रही हैं। आयोजन स्थल पर बैठक व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, सुरक्षा, यातायात एवं लाइव प्रसारण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित




करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम का जिला स्तर पर सीधा प्रसारण भी किया जाएगा, जिसके लिए निर्धारित स्थल पर आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार सोमनाथ मंदिर पर प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने तथा मंदिर पुर्ननिर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार 11 मई 2026 को सोमनाथ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

---

# प्रयास आवासीय विद्यालय की चयन परीक्षा में शामिल हुए 574 विद्यार्थी



परीक्षा केद्र में चयन परीक्षा के लिए कतार में खड़े परीक्षार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन रविवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के दो परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई, जहां काफी संख्या में परीक्षार्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित होकर परीक्षा दी।

जानकारी के अनुसार प्रवास आवासीय विद्यालय में चयन परीक्षा 10 मई को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक संचालित हुई, लेकिन परीक्षार्थियों को अपने परीक्षा केन्द्र में सुबह 9 बजे से रिर्पोटिंग टाईम दी गई थी। निर्देश के परिपालन में विभिन्न क्षेत्रों से परीक्षार्थी अपने पालकों के साथ पहुंच गए थे। परीक्षा केन्द्र शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में सुबह 9 बजे के पूर्व ही परीक्षार्थियों की लंबी कतार लग गई थी, लेकिन मुख्य प्रवेश द्वार पर प्रवेश नहीं दिया जा रहा था, इसके चलते परीक्षार्थियों की लाईन लंबी होती गई। धूप में काफी समय तक परीक्षार्थियों को खडेÞ रहना पड़ा, इसके बाद 9:30 बजे प्रवेश के लिए मुख्य गेट खुलने के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश मिल पाया। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा में दोनों केन्द्रों में सबसे अधिक परीक्षार्थी छात्राओं की रही, वहीं छात्रों की संख्या काफी कम रही। मिली जानकारी के अनुसार प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए शहर के शासकीय पीजी कॉलेज व शासकीय नवीन कन्या कॉलेज को केन्द्र बनाया गया था, जहां दोनों केन्द्रों में 574 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा थी, इनमें बालकों की संख्या 245 तथा बालिकाओं की संख्या 329 रही। परीक्षा केन्द्र पीजी कॉलेज बैकुंठपुर में कुल 138 बालक तथा 163 बालिकाओं ने परीक्षा थी और यहां 18 बालक तथा 24 बालिका अनुपस्थित रही। वहीं शासकीय कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में कुल 125 बालक तथा 189 बालिका पंजीकृत रहे, इनमें 107 बालक तथा 166 बालिका परीक्षा में सम्मिलित रहे और 18 बालक तथा 23 बालिका अनुपस्थित रहे।

---

# खरसोता में श्रमदान के साथ खेला गया सद्भावना क्रिकेट मैच

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिलेभर में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता में स्वच्छता, जनभागीदारी और आपसी समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस दौरान स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम एवं सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। ग्राम पंचायत खरसोता में आयोजित स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनोरा, विकासखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम पंचायत के सरपंच, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से गांव में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। श्रमदान के माध्यम से सार्वजनिक स्थलों



की सफाई की गई तथा ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।अधिकारियों ने कहा कि सुशासन तिहार केवल समस्याओं के निराकरण का अभियान नहीं, बल्कि जनसहभागिता और सामाजिक जागरूकता को मजबूत करने का माध्यम भी है। स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से गांव में सकारात्मक वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान ग्राम खरसोता में सद्भावना क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया। यह मैच पंचायत विभाग और शिक्षा विभाग की टीमों के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक खेल का प्रदर्शन किया, वहीं ग्रामीणों ने भी मैच का आनंद लेते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। रोमांचक मुकाबले में पंचायत विभाग की टीम विजेता रही।

सद्भावना क्रिकेट मैच का उद्देश्य विभागीय समन्वय, आपसी सहयोग और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना रहा। खेल के माध्यम से अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच आत्मीयता और सकारात्मक संवाद का वातावरण बना। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित इन गतिविधियों ने ग्रामीणों में स्वच्छता, स्वास्थ्य, सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक एकजुटता के प्रति नई जागरूकता पैदा की है।

---

# 15 दिनों से बियर खत्म, मदिरा प्रेमी मायूस

**चरचा कॉलरी।** नगर के विदेशी मदिरा दुकान में जहां सस्ती शराब पूरी तरह से गायब है, वहीं पिछले करीब 15 दिनों से बियर का स्टॉक भी खत्म पड़ा हुआ है। लगातार बनी इस स्थिति से शराब उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी और आक्रोश देखा जा रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि दुकान में केवल 300 रूपए से अधिक कीमत वाले क्वार्टर ही उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कम कीमत की शराब उपलब्ध नहीं होने से कई लोग मजबूरी में कच्ची महुआ शराब की ओर रुख कर रहे हैं। मदिरा प्रेमियों का कहना है कि जब शासन की अधिकृत दुकान में सामान्य दरों पर शराब उपलब्ध नहीं होगी, तब लोग अवैध और जहरीली शराब पीने को विवश होंगे। क्षेत्र में पहले भी कच्ची महुआ शराब के सेवन से कई लोगों की मौत हो चुकी है, इसके बावजूद




आवकारी विभाग अवैध शराब के बढ़ते खतरे को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है। लोगों का आरोप है कि विदेशी शराब की कमी और बढ़ती कीमतों ने अवैध महुआ शराब कारोबारियों को फिर सक्रिय कर दिया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

---

# अफसरों ने की खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच

**जशपुरनगर।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा तपकरा क्षेत्र में स्थानीय हाट-बाजार में खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा किराना दुकानों, मौसमी फल व स्थानीय साग-सब्जी विक्रेताओं, गन्ना रस-फलों का जूस विक्रय स्थानो, होटलों, ढाबा आदि का मौका निरीक्षण करते हुये उन्हें खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का परिपालन करने एवं इससे संबंधित दिशा निर्देश जैसे - हाईजिन संबंधित जानकारी, एक्सपाइरी खाद्य पदार्थों को विक्रय न करते हुये उनका समय-समय पर छटनी एवं नष्टीकरण करना, पीने के पानी के संग्रहण एवं उपयोग की जानकारी, खाद्य प्रतिष्ठानों में कीड़े-मकोड़ों आदि के लिय पेस्ट कण्टोल कराया जाना, समयावधि में फूड हैडलर्स का



मेडिकल कराया जाना, खाद्य लाईसेंस लेकर ही खाद्य पदार्थो से संबंधित कारोबार संचालित करना आदि आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान 6 खाद्य नमूनों का संकलन कर उसे जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया।

---

**ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जिला मुख्यालय तक पहुंचना होगा आसान**

# शहर से गांव की दूरी हुई कम, यात्रियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

प्रदेश सरकार द्वारा शुरू किए गए मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना का लाभ जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों को मिल रहा है।

इस योजना के शुरू होने से जिले के कई गांवों में पहली बार यात्री बस सुविधा ग्रामीणों को मिली है, जहां पूर्व में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा नहीं थी। इस पहल से कोरिया जिले के अनेक ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने क्षेत्र के प्रमुख बाजार, तहसील सहित जिला मुख्यालय तक पहुंचना आसान हो गया। जिले के कई क्षेत्र ऐसे भी थे, जहां के ग्रामीणों को अपने क्षेत्र के




### आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी गति

कोरिया जिले के दुर्गम एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों तक मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत यात्री बसों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास की गतिविधियों को गति मिल गई है, इससे छोटे किसानों और छोटे व्यापारियों को अपनी उपज और सामान बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलने लगी है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है।

तहसील एवं निकट के प्रमुख बाजार तक पहुंचने के लिए अपनी साधन से पहुंचना पड़ता था, वहीं कई ग्रामीण पैदल ही आना-जाना करते थे। वहीं कई ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को कुछ दूरी पैदल चलने के बाद यात्री बस की सुविधा मिलती थी। मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के शुरू होने के बाद ऐसे दुर्गम क्षेत्रों में भी सार्वजनिक परिवहन की सुविधा मिल गई, इससे ग्रामीणों का आवागमन आसान हो गया। प्रदेश सरकार के इस योजना के शुरू करने से ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य व प्रशासनिक सेवाओं के लिए सस्ता व सुलभ परिवहन सेवा सुनिश्चित हो रही है, जबकि इसके पहले निजी वाहनों के अलावा टैक्सियों व ऑटो के महंगे किराया लगाकर यात्रा करना पड़ता था, जिससे मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना की सेवा शुरू होने से सरकारी दर पर सुरक्षित यात्रा की सुविधा मिल रही है।

### अंदरूनी व दूरस्थ क्षेत्रों तक सेवा

मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना शुरू होने के बाद कोरिया जिले के अंदरूनी व दुरस्थ क्षेत्रों तक यात्री बस सेवा का लाभ ग्रामीणों को मिलने लगा। इस सेवा के शुरू होने से मुख्य मार्ग के कुछ किमी अंदरूनी क्षेत्रों में जहां कभी बस नहीं पहुंचती थी, उन गांवों में भी यात्री बस पहुंचने लगी। इस योजना के शुरू होने से बैकुंठपुर ब्लाक के आनी, उरूमदुगा, जामपानी, डूभापानी, अंगा, पूटा सहित अन्य क्षेत्र के अलावा सोनहत जनपद के बेलाई, सिंहपानी, रावतसरई, अमृतपुर सहित जिले के पड़ोसी जिले के सीमा क्षेत्रों के गांवों तक यात्री बस का संचालन हो रहा है, जहां पहले अब तक बस सुविधा नहीं थी।

---

# घर-घर जाकर जनगणना की जानकारी जुटा रहे प्रगणक

**जशपुरनगर।** सरकार द्वारा आयोजित जनगणना कार्य के अंतर्गत प्रगणक घर-घर जाकर नागरिकों की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। जशपुर क्षेत्र में तीव्र गति में प्रथम चरण का कार्य हो रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए अधिकतर शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जो पूरी जिम्मेदारी के साथ जनगणना कार्य में सहयोग दे रहे हैं। गर्मी की छुट्टी होने के बावजूद देशहित में जनगणना का कार्य निष्ठा के साथ संपादित कर रहे है।

उल्लेखनीय है कि जनगणना देश के विकास एवं योजनाओं के निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके माध्यम से सरकार को जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार एवं अन्य सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों की सही जानकारी प्राप्त होती है। इस दौरान जशपुर के ग्राम बघिमा में प्रगणक के रूप में कार्य कर रहे शिक्षक रवि गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार द्वारा भारत सरकार की जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जा रही है। प्रथम चरण को मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य हो रहा है। इसमें आवास की सुविधाओं से संबंधित 34 प्रश्न पूछे जा रहे है जिसका डाटा संकलन प्रगणकों के द्वारा एच एल ओ एप में किया जा रहा है। इसमें मुख्य रूप से मकान की स्थिति एवं प्रकार, घर में उपलब्ध सुविधाएँ, पेयजल, शौचालय, बिजली आदि की जानकारी, परिवार के पास उपलब्ध संपत्तियाँ, रसोई, गैस, इंटरनेट एवं अन्य सुविधाएँ, परिवार के सदस्यों की संख्या मांगी जा रही है।

## खबर संक्षेप



### विश्व रेड क्रॉस दिवस पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित हुई आकांक्षा श्रीवास्तव

**अंबिकापुर।** विश्व रेड क्रॉस दिवस पर भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा मेकाहारा हॉस्पिटल परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी सरगुजा की आजीवन सदस्य श्रीमती आकांक्षा श्रीवास्तव को नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा हेतु सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय आयोजन में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के प्रतिभागियों, रेड क्रॉस स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित लगभग 2800 लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता आधारित गतिविधियों ने मानवता, सेवा, रक्तदान, अंगदान एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रभावशाली संदेश प्रसारित किया। कार्यक्रम में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी सरगुजा से छात्र-छात्राओं की टीम ने सहभागिता की। शासकीय कन्या उमा विद्यालय की 21 छात्राओं ने राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्षेत्रीय गीत पर आधारित समूह नृत्य, अंगदान विषय पर आधारित नाटक एवं चित्रकला प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व किया।

### पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस डे



**रामानुजनगर।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस डे दिवस मनाया गया। संस्था की शिक्षिका श्रीमती अर्चना गुप्ता द्वारा प्राचार्य सहित संस्था में उपस्थित सभी शिक्षकों का ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांच कर यह संदेश दिया गया कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। रेडक्रॉस संस्थान रक्तदान, प्राकृतिक आपदाओं में सहायता, स्वास्थ्य सेवाएं और जरूरतमंदों की मदद जैसे अनेक कार्य करती है। संस्था के प्राचार्य पीसी सोनी ने बताया कि रेडक्रॉस संस्था की स्थापना का उद्देश्य युद्ध और आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता करना है। यह दिन मानवता, सेवा और सहायता की भावना को समर्पित है। हम सभी को भी दूसरों की सहायता करने, रक्तदान के प्रति जागरूक रहने और मानवता की सेवा करने का संकल्प लेना चाहिए।

### बाइक चोरी कर बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा आरोपी युवक गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** सोनगरा बाजार से बाइक चोरी कर बेचने की फिराक में घूम रहे आरोपी को पुलिस ने चोरी की बाइक समेत पकड़ लिया है। लटोरी



पुलिस ने बताया कि 8 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि दिनेश राजवाड़े निवासी सुंदरगंज का एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल लेकर गांव में आया है और बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहा है। सूचना पर सुंदरगंज पहुंचकर आरोपी दिनेश राजवाड़े से पूछताछ करने पर अपने पास रखे बिना नंबर के पल्सर मोटरसाइकिल को करीब दो माह पहले सोनगरा बाजार के पास से चोरी करना स्वीकार किया गया,आरोपी के पास से बरामद मोटरसाइकिल चोरी के होने पर जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 35(1) ड, 303(2) बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी दिनेश राजवाड़े पिता बोधन उर्फ शंकर राजवाड़े 32 साल निवासी सुंदरगंज को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। कार्रवाई में लटोरी चौकी प्रभारी समेत अन्य पुलिस टीम सक्रिय रही।

## गड्ढों में तब्दील सड़क पर लोगों का आवागमन करना हुआ मुश्किल

# खड़गवां से गोहगढ़ तक की जर्जर सड़क क्षेत्र के लोगों के लिए बनी परेशानी की सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

खड़गवां से गोहगढ़ नाला तक की जर्जर सड़क अब क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। हैरानी की बात तो यह है कि सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है बावजूद इसके आज तक पेंच रिपेयरिंग तक नहीं हो सका। आलम यह है मार्ग से भारी वाहनों के आवागमन करने से सड़क की हालत और भी दयनीय हो गई है। ऐसे में लोग गड्ढों के बीच के बीच आवागमन करने को मजबूर है।

**खास बात**

- लोगों ने की सड़क मरम्मत कराने की मांग

प्रतापपुर अंबिकापुर मुख्य सड़क मार्ग पर खड़गावा से गोहगढ नाला तक की सड़क की मरम्मत नहीं होने से सड़क की काफी जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो गई है। ऐसे में आने जाने वाले राहगिर को कई प्रकार का दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सबसे बड़ी बात यह है कि प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य सड़क मार्ग से कई नेताओं को और कई मंत्रियों को एवं जनप्रतिनिधि सहित विधायकों को रोजाना आने जाने के बावजूद सड़क की बदहाल स्थिति नजर नहीं आती। ऐसे में बदहाल हो चुकी सड़क की मरम्मत कराने किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। ऐसे में मार्ग से आवागमन करने वाले बाइक, स्कूटी सहित पैदल चलने वाले लोगों का कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि इस भीषण गर्मी के कारण छोटे-बड़े वाहनों के गुजरने से धूल के गुब्बार उड़ने लगते है जिससे बीमारी का खतरा तो बढ़ गया है वहीं गड्ढे के कारण हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर बने गड्ढों को पाटने के साथ पेंच रिपेयरिंग किए जाने की मांग की है।



जर्जर सड़क।

**प्रशासन को कई बार करा चुके है अवगत**

शासन प्रशासन को कई बार जर्जर सड़क के संबंध में अवगत कराने के बाद भी अब तक यह सड़क की स्थिति बदहाल बनी हुई है। क्षेत्र के जीशान खान ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर सड़क मरम्मत कराने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है और सड़क अब चलने लायक नहीं रह गई है। कई बार ध्यान आकर्षण के बाद भी आज तक किसी प्रकार का समाधान नहीं किया जा सका है। उन्होंने सड़क की मरम्मत नहीं करने पर सोमवार को सांकेतिक प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

**कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना**

सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई है। अब सड़क पर बने गड्ढे से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। रात के समय तो कई लोग दुर्घटना ग्रस्त होने से घायल हो चुके है। इसके अलावा मार्ग से गुजर रहे दोपहिया वाहन चालकों दुर्घटना ग्रस्त होने की घटना बढ़ गई हैं। दिन के समय तो राहगीर संभल कर चलते है लेकिन रात के समय अंधेरा होने के कारण मार्ग और भी खतरनाक हो जाती है। ऐसे में समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**सड़क बनवाने करूंगी अनुशंसा**

सड़क जर्जर हालत में है। संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा करके सड़क को बनवाने के लिए अनुशंसा करूंगी
-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर



## धूमधाम से मनाई गई गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर नेताजी बंग समाज कल्याण समिति द्वारा मधुर मिलन कार्यक्रम भगवानपुर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया।

- नेताजी बंग समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित किया भव्य मधुर मिलन कार्यक्रम

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की कविताओं के अंश मूल बांग्ला भाषा में प्रस्तुत करते हुए उनके साहित्य, रचनाओं एवं बंगाली समाज की सांस्कृतिक परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज द्वारा संस्कृति संरक्षण के प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि सांसद चिंतामणि महाराज ने टैगोर के जीवन, राष्ट्रगान की रचना, नोबेल पुरस्कार, गीतांजलि एवं अन्य साहित्यिक कृतियों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने सनातन परंपरा में बंगाली समाज को समर्पित भूमिका की प्रशंसा की। समिति के अध्यक्ष दिलीप धर ने बंगाली समाज की गौरवशाली परंपरा, भाषा, साहित्य एवं कला के संरक्षण और संवर्धन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के आदर्शों एवं रचनाओं का अध्ययन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर कुलदीप सिंह कथुर ने शांति निकेतन में अध्ययन के अनुभव साझा किए। दिलीप कुमार विश्वास ने गुरुदेव के बचपन, परिवार, नोबेल पुरस्कार एवं राष्ट्रगान की रचना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। गोसाई ने समाज में एकता एवं शिक्षा के क्षेत्र में गुरुदेव के विचारों को अपनाने की आवश्यकता बताई। शिल्पा पांडे ने महिला शिक्षा एवं टैगोर के विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। नूतन विश्वास ने कहा कि रवींद्र संगीत प्रत्येक घर तक पहुंचना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिमांगी त्रिपाठी, भानु प्रकाश मुखर्जी, जय किशन विश्वास, मोनालिका सोनी, सीमा खानवलकर, शिल्पी, अनुकूल समद्दार, सीमा अधिकारी, संचित रानी धर, इशिता पाल, आतिशी मुखर्जी एवं पावी हालदार ने रवींद्र संगीत एवं गीतांजलि की कविताओं का पाठ प्रस्तुत किया। रवींद्र संगीत की धुन पर सामूहिक एवं एकल नृत्य प्रस्तुतियों में प्रगति विश्वास, प्रतीक विश्वास, खुशी सरकार, पूनम हालदार, अंकित विश्वास, बबली मजूमदार एवं निधिवी समूह ने आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन सुनीता दास एवं लिली बसुराय ने किया। उपस्थित अतिथियों एवं कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रुति मुखर्जी, अंजू सरकार, कृष्ण मंडल, गौरांग मंडल, सुनील विश्वास, विजय अधिकारी, श्यामल समद्दार, धीरज मंडल, गणेश मंडल, सुभाष नंदी, कल्पना दास, तरुण बनीक, सुजीत कुमार सुतार, निरंजन विश्वास, विजय राय, सुदामा सरकार, आशीष शील, दीपेश धर, राकेश गुहा, कार्तिक माझी, संजीत मंडल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### कला संकाय के विद्यार्थियों को दी गई बिदाई को संस्मरणों से किया जीवंत

**अम्बिकापुर।** भूगोल एवं एमएसडब्ल्यू विभाग के विदाई समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि कला संकाय के विषय व्यक्तित्व निर्माण करते हैं और इससे समाज की बुनियाद मजबूत होती है।आपने महाविद्यालय के विद्यार्थी जीवन में जो सीखा, वह आपकी पहचान है। अपनी पहचान को गुणवत्ता के साथ जोड़ें क्योंकि सफलता ही आपको स्थापित करेगी। कला एवं मानविकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आर.एन. शर्मा ने कहा कि सफलता के साथ भी सफलता के बाद भी महाविद्यालय परिवार आपके साथ है। आप अपनी सफलताओं से हमें अवगत करायें जिस पर हमारे जश्न की बुनियाद तैयार होगी। डॉ. शर्मा ने कहा कि आप भाग्यशाली हैं कि आर्ट्स के विद्यार्थी हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरिंग के विद्यार्थी आर्ट्स विषय का चयन कर सफलता हासिल करते हैं। संघ लोक सेवा आयोग, प्रदेश के आयोगों में वरियता सूची में आर्ट्स विषय के प्रतियोगी शामिल रहते हैं। उन्होंने कहा की आप सुनियोजित तरीके से पढ़ाई कीजिये, सफलता आपके साथ होगी। प्रवीण खलखो, साहिना परवीन, खूशबू तिर्की ने कॉलेज के दिनों की यादें साझा कीं। विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समारोह को सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन पूजा मिश्रा और करीना भगत ने किया।

### बंग समाज कल्याण समिति ने मनाई रविंद्र नाथ टैगोर की 165 व जन्म जयंती

**रामानुजगंज।** ग्राम धनगांव में विश्व कवि रवींद्र नाथ टैगोर का 165वां जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम रवींद्रनाथ टैगोर की छायाचित्र के समक्ष धूप दीप जला कर कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। छत्तीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति द्वारा क्षेत्र की मेधावी छात्र, उत्कृष्ट कृषक, गायक, मूर्तिकार, साहित्यकार, भागवत कथा वाचक, पुजारी , वृद्ध को समूह की अध्यक्ष सचिव महिला एवं सामाजिक कार्यकर्ता को शाल श्रीफल साड़ी मेडल से प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान रामु घोष ने रविंद्र नाथ टैगोर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए समाज की उत्थान एवं शिक्षा तथा स्वास्थ्य पर ध्यान आकर्षित करते हुए नशा मुक्त समाज बनाने की इच्छा जताई है। क्षेत्र के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान संरक्षक सुबोध विश्वास, सुभाष राय, रमेश मंडल, गौर विश्वास, राम घोष, दिवाकर मुखर्जी, संदीप सरकार, पुलिन मंडल, विजय व्यापारी, कृष्ण मल्लि, मंगल विश्वास, उत्तम कुमार दास, संतोष सरदार, दिलीप समझदार, बसु सरदार, जगदीश मंडल, रविंद्र विश्वास, समीर मंडल, पवन वर्मा उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभास, मनीद्र सरकार, सुशांत महंत, अरविंद भौमिक, विजोन मंडल,नवों चक्रवर्ती, अनिल दास श्रीमती राजकुमारी, सुशीला विश्वास तथा बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत की। मंच संचालन दिवाकर मुखर्जी एवं मंगल विश्वास ने संभाल।



## नशा मुक्त भारत अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली



**रायगढ़।** सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 11 मई तक संचालित होगा। अभियान के तहत जिले में खाद्य पदार्थों एवं औषधियों की गुणवत्ता जांच के साथ आमजन को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार 8 मई को जिला स्तरीय स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों तथा एंटीबायोटिक एब्यूज के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नशे और दवाओं के दुरुपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा। रायगढ़ जिले में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सुबह 7 से 9 बजे तक आयोजित इस रैली में विभागों के अधिकारी कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं आम नागरिक शामिल हुए।

## रेल कर्मचारियों की बहुप्रतिक्षित जीडीसीई परीक्षा होगी शीघ्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन मुख्यालय बिलासपुर में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश की अध्यक्षता में वर्ष 2026 की प्रथम जोनल पीएनएम बैठक 6 एवं 7 मई को महाप्रबंधक सभागार में आयोजित की गई। बैठक में युवा रेल कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित जीडीसीई वर्ष 2023 परीक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

बैठक में एजेंडा क्रमांक 15 पर विस्तृत चर्चा के दौरान प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी ने जानकारी दी कि रेलवे प्रशासन द्वारा वर्ष 2023 की जीडीसीई परीक्षा को रद्द करने के लिए रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेजा गया था। लेकिन रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण के हस्तक्षेप एवं महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के निर्देश के बाद प्रशासन को उक्त प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। रेल प्रशासन ने बैठक में बताया कि परीक्षा संचालन एजेंसी ईसीए चंडीगढ़ आरआरबी तय कर दी गई है तथा 31 मई 2026 से पहले मजदूर कांग्रेस के साथ बैठक कर रुकी हुई जीडीसीई परीक्षा के लिए नई अधिसूचना जारी की जाएगी। बैठक में केंद्रीय रेलवे अस्पताल में नए केबिन निर्माण, रनिंग कर्मचारियों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, टिकट चेकिंग स्टाफ को नए एच एच टी उपलब्ध कराने तथा सभी विभागों में एल डीसीई प्रक्रिया पूर्ण करने पर भी सहमति बनी।एनएफआईआर एवं रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राव तथा करंजी शाखा सचिव पप्पू सिंह ने बताया कि दो दिवसीय जोनल पीएनएम बैठक बेहतर माहौल में संपन्न हुई।इस दौरान सेवानिवृत्त हो रहे हेडक्वार्टर एपीओ ए.प्रकाश का शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। बैठक में अतिरिक्त महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी आदित्य कुमार, मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) डॉ. दर्शनीयता आहुलवालिया, रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल अध्यक्ष डी.के. स्वाइन, मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, बी.डी. प्रसाद, इंदल दमाहे, कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र रविधल, संयुक्त महामंत्री बी. कृष्ण कुमार एवं राजेश खोपारागड़े सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में घायल हुई महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम सोन तराई निवासी राज कुमारी पैकरा पति चमरू राम पैकरा (51 वर्ष) 2025 दिसंबर माह में पति के साथ बाइक से ग्राम सूर रिश्तेदार के यहां दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। शाम को दंपति बाइक से घर आ रहे थे और जैसे ही बाइक सवार सोनतराई जोबोटिकरा के समीप पहुंचे तभी सड़क पर गिराए गए गिट्टी व रेत से बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे बाइक सवार सड़क किनारे गिर गए। दुर्घटना में राज कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया। इधर ज्यादा खर्च हो जाने पर परिजन 7 मई को रायपुर से शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां आज तड़के उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।
































## खबर संक्षेप



### जिले में की गई डायल 112 की शुरुआत, मिला ट्रायल वाहन

**बलरामपुर।** जिले में अपराध पर नियंत्रण पाने व महिलाओं बच्चों की सुरक्षा कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था इत्यादि के लिए त्वरित कार्रवाई हेतु डायल 112 की शुरुआत की गई। एसपी वैभव बैंकर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी के द्वारा डायल 112 वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक बलरामपुर वैभव बैंकर (भापुसे) द्वारा जिला बलरामपुर रामानुजगंज मे डायल-112 योजना से प्राप्त 1 टेस्टिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर डायल 112 सेवा को जिले में प्रारंभ किया। डायल 112 वाहन का संचालन होने से जिले में अपराध नियंत्रण, महिलाओं बच्चों की सुरक्षा, कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था इत्यादि में त्वरित कार्यवाही हेतु डायल 112 की शुरूआत की गई है। एसपी श्री बैंकर ने बताया कि जिला बलरामपुर रामानुजगंज में पुलिस व्यवस्था को पुख्ता और तेज बनाने तथा पीड़ित दुर्घटना में घायल के लिए फौरन पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए जिले में डायल 112 की सेवाएं प्रारंभ की गई। इसके लिए पुलिस मुख्यालय रायपुर से एक नग डायल 112 वाहन प्रारंभिक ट्रायल के लिए प्राप्त हुआ है। यह वाहन बलरामपुर क्षेत्र में 24 घंटे सातों दिन लगातार सक्रिय रहेगा। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में संपूर्ण जिले के थानों के लिए डायल 112 के 11 वाहन और प्राप्त होंगे जिससे संपूर्ण जिलों में यह सेवा सुचारु रूप से संचालित होगी।

## बिजनेस प्लस

### शहर में अब नीट की तैयारी के लिए मिलेगा कोटा जैसा माहौल

**अम्बिकापुर।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तैयारी के लिए छात्रों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। गांधी नगर स्थित एडवांस एकेडमी में नीट के नए बैच की शुरुआत 18 मई से होने जा रही है, जहां विद्यार्थियों को कोटा जैसा शैक्षणिक वातावरण में तैयारी कराई जाएगी। संस्थान के संचालक प्रेम गुप्ता ने बताया कि संस्था पिछले लगातार 10 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है तथा प्रतिवर्ष यहां से छात्र मेडिकल क्षेत्र में चयनित होते आ रहे हैं। इस वर्ष भी संस्था के 16 छात्रों का चयन शासकीय मेडिकल कॉलेजों के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि शहर में ही अनुभवी शिक्षकों एवं विशेषज्ञ फैकल्टी की टीम द्वारा नीट की विशेष तैयारी कराई जाएगी, जिससे सरगुजा संभाग के छात्रों एवं अभिभावकों को काफी राहत मिलेगी। संस्थान में हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों में पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही विद्यार्थियों के लिए नियमित टेस्ट सीरीज, डाउट क्लास, व्यक्तिगत मार्गदर्शन एवं लाइब्रेरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। संचालक ने बताया कि संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुशासित एवं प्रतियोगी माहौल प्रदान करना है, ताकि वे अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकें।

## निधन

### हाजी यूनुस खान

**अंबिकापुर।** शहर के सदर रोड निवासी सरगुजा साईकिल के संचालक हाजी यूनुस खान का 10 मई को निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे और कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। वे अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के अध्यक्ष रह चुके है। वे लाइक खान, अमिक खान व अनिक खान के पिटा थे। रविवार की देर शाम स्थानीय कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।



## प्रशासनिक उदासीनता से भू- माफिया के हौसले बुलंद

# नगर में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण बना गंभीर संकट



रामानुजगंज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**

- 50 के स्टांप पेपर पर बेचने का खेल जारी

नगर पंचायत से नगर पालिका बनने के बाद विकास की नई उम्मीद जगी थीं, लेकिन नगर आज एक गंभीर समस्या से जूझ रहा है। शासकीय भूमि पर लगातार हो रहे अवैध अतिक्रमण और भूमाफियाओं की सक्रियता ने नगर के भविष्य पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। आलम यह है कि अब नगर में किसी बड़े विकास कार्य के लिए पर्याप्त शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं बची है।

पिछले लगभग दो दशकों से भू माफियाओं के नेटवर्क द्वारा शासकीय भूमि की अवैध प्लाटिंग कर उसे महज 50 के स्टांप पेपर पर बेचने का खेल लगातार जारी है। आरोप है कि सरकारी जमीनों को निजी संपत्ति बताकर भोले-भाले और गरीब लोगों को बेचा गया। कई परिवारों ने जीवन भर की जमा पूंजी लगाकर इन जमीनों पर मकान तक बना लिए और वर्षों से निवास कर रहे हैं, लेकिन अब वे कानूनी संकट और असुरक्षा की स्थिति में फंस गए हैं। नगर वासियों का कहना है कि भूमाफिया सरकारी जमीन बेचकर आसानी से निकल जाते हैं, जबकि खरीदारों को भविष्य में बेदखली और कानूनी कार्रवाई का डर सताता रहता है। प्रशासन की ओर से समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण अवैध कब्जाधारियों और जमीन कारोबारियों के हौसले बुलंद हो गए है।

### सड़कें और गलियां हुई संकरी

लोगों का कहना है कि अवैध अतिक्रमण का सबसे अधिक असर नगर की सड़कों और गलियों पर दिखाई दे रहा है। कभी पर्याप्त चौड़ाई वाली सड़कें आज इतनी संकरी हो चुकी हैं कि दो चारपहिया वाहन एक साथ नहीं निकल सकते। कई गलियों की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि अगर एक कार और एक बाइक का एक साथ गुजरना भी मुश्किल हो गया है। इससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार यदि समय रहते अतिक्रमण पर रोक नहीं लगाई गई, तो भविष्य में नगर का यातायात पूरी तरह अव्यवस्थित हो सकता है। आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसे वाहनों के पहुंचने में भी कठिनाई हो सकती है।

### अतिक्रमण के खिलाफ चलाया गया था अभियान

नगर में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया था। प्रशासनिक सख्ती और लगातार कार्रवाई के चलते कई स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया तथा सड़कों को चौड़ा कराया गया। नगर के लोगों का मानना है कि यदि शहर की कुछ प्रमुख सड़कें अपेक्षाकृत चौड़ी दिखाई देती हैं, तो वह उस समय चलाए गए अभियान का ही परिणाम है। लेकिन प्रशासनिक सख्ती कमजोर पड़ जाने के कारण धीरे-धीरे फिर से अतिक्रमण बढ़ने लगा।

### विकास कार्यों पर पड़ रहा असर

किसी भी नगर के सुनियोजित विकास के लिए शासकीय भूमि का सुरक्षित रहना आवश्यक है। स्कूल, अस्पताल, पार्क, सामुदायिक भवन, सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के लिए सरकारी जमीन की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन रामानुजगंज में लगातार अवैध कब्जों के कारण अब विकास योजनाओं के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराना प्रशासन के लिए चुनौती बनता जा रहा है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि शासकीय भूमि का व्यापक सर्वे कराया जाए, अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### की जाएगी कार्रवाई

यदि किसी के द्वारा शासकीय भूमि को 50 रुपए के स्टांप में खरीदी बिक्री की गई है तो अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऐसा करने वालों के विरुद्ध प्राथमिक भी दर्ज कराई जाएगी।

-**आनंद नेताम**, एसडीएम रामानुजगंज



## आमगांव ओसीएम से कोयला लेकर जा रहे दो ट्रेलरों में भिड़ंत, चालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

सपकरा बरपारा के समीप आमगांव ओसीएम खदान से कोयला लोड कर करंजी साइडिंग की ओर जा रहे दो ट्रेलर के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि आगे चल रहे ट्रेलर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे पीछे आ रहे कोयला लोड ट्रेलर चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका और सीधे सामने वाले ट्रेलर से जा टकराया। दुर्घटना में एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीई 9962 और ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 एसी 4228 आमगांव ओसीएम खदान से कोयला लेकर एक साथ करंजी साइडिंग की ओर जा रहे थे। जैसे ही चालक सपकरा बरपारा के समीप पहुंचे तभी आगे जा रहे ट्रेलर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इधर पीछे से आ रहे ट्रेलर चालक ने वाहन को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन कम दूरी और तेज रफ्तार के कारण वह नियंत्रण खो बैठा और सामने चल रहे ट्रेलर से जा टकराया। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं चालक गंभीर रूप से घायल होने के साथ ही केबिन में ही फंस गया।

अचानक हुई दुर्घटना से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना को देख आसपास मौजूद ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंच और केबिन में फंसे चालक को काफी मशक्कत के बाद वाहन से बाहर निकाला। इसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना पर वाहन मालिक मौके पहुंच जायजा लिया और बताया कि चालक की हालत सही है दोनों वाहनों की निगरानी के लिए ग्रामीणों को ही लगा दिया है ताकि कोई और क्षति न पहुंचाएं।

## क्लोरीन डोजर बॉक्स योजना लगाए बिना ही आहरित कर ली गई राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- सत्ता पक्ष के पार्षद ने गड़बड़ी को लेकर उठाए सवाल, जांच की मांग

नगर में क्लोरीन डोजर बॉक्स लगाने में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। भाजपा पार्षद ने कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही क्लोरीन डोजर बॉक्स लगाकर फर्जी तरीके से लाखों रूपए के आहरण का आरोप लगाया है। इधर सत्तापक्ष के पार्षद द्वारा घोटाले का आरोप लगाने के बाद नगर पंचायत की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है।

विदित हो कि नगर पंचायत द्वारा नगरवासियों को शुद्ध कीटाणुरहित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु 46 लाख की लागत से नगर में पानी सप्लाई करने वाले बोर मशीनों में क्लोरीन डोजर बॉक्स लगाया जाना था। बोर मशीनों में इसे लगाने का उद्देश्य नगरवासियों को कीटाणुरहित गंधहीन एवं स्वच्छ पीने योग्य पानी उपलब्ध कराना था। इस योजना के क्रियान्वयन से पहले परिषद की बैठक आयोजित की गई और उसमें क्लोरीन डोजर बॉक्स लगाने को लेकर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान कई पार्षदों ने इसमे घोटाले की आशंका जता सवाल खड़े किए थे लेकिन बाद में उन्होंने नगर की जनता के सेहत के लिहाज से इस योजना को उपयोगी जान अपनी सहमति दे दी थी। परिषद में पार्षदों की सहमति से प्रस्ताव पारित होने के बाद यह काम निविदा के आधार पर ठेकेदार को दे दिया गया। ठेकेदार ने अधिकारी एवं पार्षदों के इशारे पर गिनती के चिन्हांकित बोर मशीनों में क्लोरीन डोजर बॉक्स लगा दिया। नगर के बाकी अन्य जगहों पर मौजूद बोर मशीनों में उसने क्लोरीन डोजर बॉक्स लगाया ही नही जिसका खामियाजा नगर के लोगों को भुगतना पड़ रहा है और आज भी नगर की आधी आबादी घरेलू नल कनेक्शन के जरिये दूषित पानी पीने को मजबूर है। आलम ये है कि पानी बरसते ही नल कनेक्शन के जरिये लोगों के घरों में बदबूदार गंदा पानी आने लगता है जिसकी वजह से नगरवासी जलजनित रोगों के शिकार होने लगे है। अगर नगर के सभी बोर मशीनों में क्लोरीन डोजर बॉक्स लगे होते तो शायद ऐसी नौबत नही आती।

इस संबंध में सीएमओ ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि ये आरोप बेबुनियाद है।नगर के बोर मशीनों में जितने लगाए जाने थे वो लगाए जा चुके है।



### कर दिया गया 46 लाख का भुगतान

इस संबंध में वार्ड क्र-2 के पार्षद भवानी सिंह ने नगर पंचायत के कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि पूरे शहर में कुल बारह बोर मशीनें है जहां से टंकी के जरिए लोगों के घरों में पेयजल आपूर्ति की जाती है। नगर के लोगों को स्वच्छ कीटाणुरहित गंधहीन एवं खनिज युक्त पेयजल उपलब्ध हो इसके लिए 46 लाख की लागत से क्लोरीन डोजर बॉक्स लगाया जाना प्रस्तावित था लेकिन ठेकेदार ने नगर पंचायत से सांठगांठ करते हुए चुनिंदा बोर मशीनों में क्लोरीन डोजर बॉक्स लगाया बाकी में लगाये बिना ही कार्य पूर्ण दर्शा दिया। ठेकेदार द्वारा अधूरे काम के बाद भी नगर पंचायत उस पर मेहरबान नजर आई और लगभग 46 लाख का भुगतान कर दिया जबकि आधा शहर आज भी बोर मशीनों में क्लोरीन डोजर बॉक्स नही लगे होने के कारण दूषित एवं बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं। भाजपा के पार्षद ने कहा कि मैंने पहले ही इस योजना में घोटाला होने की आशंका जताई थी। उन्होंने 46 लाख की लागत से नगर के बोर मशीनों में लगाये गए क्लोरीन डोजर बॉक्स की जांच की मांग की है। भाजपा पार्षद द्वारा लगाए गए इस आरोप से नगर पंचायत की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है।

## ग्राम डांडखडुवा में गोवंश की हत्या की आशंका पर ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- जांच करने पहुंची पुलिस और पशु चिकित्सकों की टीम

ग्राम डांडखडुवा में गोवंश की हत्या की आशंका को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने पुलिस और पशु चिकित्सकों से जांच करने का मांग की है। ग्रामीणों की मांग पर पुलिस व पशु चिकित्सकों की टीम ने गांव में पहुंच जांच शुरू की।

ग्राम डांडखडुवा निवासी अवधेश यादव आ.उग्रसेन यादव ने बताया कि 6 मई की शाम अपनी लाल रंग की गाय को गांव के चरवाहा रमसु कोरवा आ. लगना कोरवा के साथ बथान गौशाला में बांधा था और घर आ गया। अगले दिन सुबह जब गौशाला गया तो देखा गाय गायब थी। साथ ही चरवाहा रमसु कोरवा भी गांव में दिखाई नहीं दिया। गाय की खोजबीन गांव और आसपास के क्षेत्रों में लगातार की गई, लेकिन गाय व चरवाहा का कहीं पता नहीं चला। इसी बीच 8 मई को गांव के ही एक अन्य कोरवा समाज के व्यक्ति ने सूचना दी कि डाडखडूवा और अलखडीहा के बीच बालू डोडा डोढ़ा जंगल में एक गड्ढे में लाल रंग की गाय के अवशेष पड़ा हुआ है। सूचना पर अवधेश यादव मौके पर पहुंचा तो गाय का शरीर क्षत विक्षत हालत में फैला था। अवशेषों मृत घायल को अपनी गाय के रूप में पहचान की। ग्रामीणों ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोवंश की हत्या कर गोमांस खाने की आशंका जताई है। साथ ही चरवाहे के साथ अन्य लोगों के भी शामिल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम लखन राम टीम के साथ मौके पर पहुंची। अधिकारियों द्वारा गाय के अवशेषों का परीक्षण एवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया की जा रही है। ग्रामीणों ने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जांच के दौरान ग्रामीण मुरारी यादव गुलाब यादव उदय यादव सहित अन्य ग्रामीण थे।



जांच करते पुलिस व पशु चिकित्सकों की टीम।

## अम्बेडकर चौक स्थित कुम्दा रेल ओवर ब्रिज आमजन के लिए खोला गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा आमजन को सुरक्षित और सुगम आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे मंत्रालय द्वारा रेलवे फाटकों को चरणबद्ध तरीके से बंद कर ओवर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में बिश्रामपुर के अम्बेडकर चौक स्थित कुम्दा रेल फाटक एबी 71 पर बने नवनिर्मित रेल ओवर ब्रिज को रविवार 10 मई से आमजन की आवाजाही के लिए खोल दिया गया।यह ओवर ब्रिज बिश्रामपुर एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के समीप बिश्रामपुर-कुमदा मार्ग पर बनाया गया है। इसके शुरू होने से अब लोगों को रेलवे फाटक पर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा और आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित एवं सुगम हो जाएगा।



गौरतलब है कि हाल ही में बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग पर दतिमा के पास रेलवे फाटक एबी-69 पर निर्मित ओवर ब्रिज भी आमजन को समर्पित किया गया था। रेल प्रबंधन ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे नए ओवर ब्रिज का उपयोग कर सुरक्षित यात्रा करें। बता दें कि रेलवे फाटकों पर ट्रेनों की आवाजाही के दौरान गेट संचालन के लिए तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती थी। अब ओवर ब्रिज शुरू होने के बाद संबंधित कर्मचारियों को अन्य स्थानों पर समायोजित किया जा रहा है।रेलवे फाटक बंद रहने के दौरान अक्सर लोगों को आपातकालीन परिस्थितियों में परेशानी का सामना करना पड़ता था। मालगाड़ियों एवं यात्री ट्रेनों के लगातार आवागमन के कारण जाम की स्थिति भी बनती थी। ओवर ब्रिज शुरू होने से इन समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी।क्षेत्रवासियों ने ओवर ब्रिज शुरू होने पर खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी बताया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### पेट दर्द से पीड़ित गर्भवती महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** पेट दर्द से पीड़ित गर्भवती महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। चलगली थाना अंतर्गत ग्राम अमरावतीपुर लोगरापारा निवासी सोनमति पति सुनील (35 वर्ष ) चार माह की गर्भवती थी। 9 मई की सुबह पेट में दर्द होने की शिकायत की तो परिजन रिश्तेदार से ही पेट का मालिश कराया लेकिन दर्द कम नहीं होने पर पति बाइक से अमरावतीपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत में सुधार नहीं होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात बलरामपुर जिला अस्पताल भेज दिया लेकिन महिला की दर्द काफी बढ़ जाने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन संजीवनी 108 से महिला को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत गर्भवती महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

#### कीटनाशक पीने से गंभीर किशोरी की उपचार के दौरान मौत

किशोरी ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन किशोरी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कापू थाना अंतर्गत ग्राम टोनाहीपारा निवासी बुद्धवंती पण्डो आ. रविलाल पण्डो (15 वर्ष) गत दिन घर के छत पर जाकर कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे छत से उतार कर कापू अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोरी की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान किशोरी की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पेज 1 के शेष...

### पुरानी पेंशन योजना, नियमितीकरण...

कर्मचारियों एवं उनके परिवार में असुरक्षा की भावना व्याप्त है। उनकी मांग है कि जब पूर्व सरकार ने विद्युतकर्मियों के लिए ओपीएस घोषित कर दिया था तो वर्तमान सरकार को इसे लागू कर देना चाहिए। कोरबा के प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने बताया कि आउटसोर्स और ठेका प्रथा के कारण विभाग घाटे में जा रहा है। नियमित कर्मचारियों की कमी से लाइनों का संधारण नहीं हो पा रहा जिसके कारण आये दिन सप्लाई बाधित हो रही है। साथ ही राजस्व वसूली और कार्यालयीन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। सभी मैदानी कर्मचारियों पर कार्य का भारी बोझ है और वे मानसिक रूप से प्रताड़ति हो रहे हैं। इस कारण सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की गति धीमी और गुणवत्ताहीन है। उन्होंने आगे बताया कि जिलावार जनप्रतिनिधियों से संपर्क के बाद माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी से भी मुलाकात कर बात रखी जाएगी। बात नहीं बनने पर आगामी रणनीति तैयार कर रायपुर मुख्यालय में गेट मीटिंग, प्रदर्शन एवं घेराव भी किया जाएगा। इस दौरान प्रांतीय सचिव एचएल पटेल, प्रांतीय संयुक्त सचिव कुबेर दुबे, क्षेत्रीय सचिव आरके राजपूत, कोषाध्यक्ष आशीष हीरा, जिलाध्यक्ष सूरजपुर श्रवण साहू, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, उपाध्यक्ष आरके परिहार एवं मुकेश मिश्रा, सलाहकार जीएन तिवारी एवं सहाबुद्दीन, सहित अमित गिरी, राजा साहू, ईश्वर प्रसाद, बैजनाथ राम, मनोज सनेही, रागिनी गुप्ता, सूरज सिंह, इंद्रकुमार राजवाड़े, राशिद शेख, जितेंद्र पैकरा, के पी जोगी, चंद्रप्रकाश ठाकुर, प्रेमचंद सूर्यवंशी आदि शामिल रहे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ.भुवन शर्मा
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ.निहार गुप्ता
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड़, अम्बिकापुर, जिला – सरगुजा (छ.ग.)
सुप्रसिद्ध ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन,एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
डॉ.महावीर सिंह जौहरी
1.5 TESLA MRI
10 मई 2026, माह के दूसरे रविवार
8224007799, 7000619700
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती की सुविधा उपलब्ध

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
11 मई,25 मई, 06 जून, 15 जून, 05 सितम्बर, 10 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411